देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

NST नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

शानदार 32वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

जून-2026, अंक-12

न्यूज मैगजीन

मूल्य ₹25

## फीफा विश्व कप 2026 की खास बातें

- 11 जून से 19 जुलाई तक होंगे मुकाबले
- पहली बार 3 देशों में आयोजन
- पहली बार 48 टीमें लेंगी हिस्सा
- कुल 16 शहरों में होंगे मैच
- नया फॉर्मेट (ग्रुप + नॉकआउट)
- 104 मैच और लंबा टूर्नामेंट
- नये और सख्त नियम
- मौसम और कड़ी सुरक्षा इंतजाम
- 19 जुलाई को न्यू जर्सी में होगा फाइनल



लामिन यमाल

## किस टीम के सिर सजेगा विश्व कप फुटबॉल और क्रिकेट का ताज?

## चर्चा में प्राईज मनी

## सुर्खियों में विश्व कप फुटबाल

## विश्व कप के यादगार पल



लियोने मेसी (अर्जेंटीना) | किलियन एमबापे (फ्रांस) | हैरी केन (इंग्लैंड) | क्रिस्टियानो रोनाल्डो (पुर्तगाल) | विनीसियस जूनियर (ब्राजील) | अल्फोसो डेविस (कनाडा)

## इंतजार खत्म हुआ दुनिया जुड़ जाएगी इतिहास के सबसे बड़े फुटबॉल विश्व कप से

फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 विशेषांक-1

# नए चैंपियन की तलाश में

आरएनआई नंबर: 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 / 4 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख

Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com Website: nationalsportstimes.org

देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

NST
नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

शानदार 32वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

जून-2026 अंक-12 न्यूज मैगजीन मूल्य ₹25




## मुम्बई के बाद अब लॉर्ड्स में तिरंगा लहराने की तैयारी

ICC WOMEN'S T20 WORLD CUP ENGLAND & WALES 2026

12 टीमें, 2 ग्रुप, 7 मैदान, 5 जुलाई को लार्ड्स में होगा फाइनल

14 जून को भारत-पाक हाईवोल्टेज मुकाबला




ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत सहित खिताब की 8 दावेदार तैयार




गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस बनी उपविजेता

## आरसीबी ने दिखाया अपना दम, रजत की कप्तानी में लगातार दूसरे साल उड़ाई ट्रॉफी

आरएनआई नंबर: 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 / 4 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख
Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com Website: nationalsportstimes.org

**नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स**

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2024-26

■ वर्ष-32 ■ अंक-12 ■ क्रमांक-308 ■ जून-2026 ■ मूल्य-25 रूपये

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| प्रबंध संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | मयूरी मौर्य |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहरे |
| फोटो जर्नलिस्ट | : | मनीष शुक्ला |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- अरुण भगोलीवाल
- आशीष पाण्डे
- शांति कुमार जैन
- समीर मिरीकर
- सुशील सिंह ठाकुर
- राजीव सक्सेना
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मोहम्मद ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, अनुराग मिश्रा, अमरनाथ, मो. अफरोज, दीपक शर्मा, आत्माराम भाटी।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।




44 सिंगापुर ओपन बैडमिंटन

## सात्विक और चिराग का दो साल का खिताबी सूखा समाप्त

## अंदर के पन्नों पर

| | |
|---|---|
| महंगा हुआ विश्व कप फुटबाल | 08 |
| 26 विश्व कप मैच खेल चुके मेसी | 13 |
| विश्व कप बंटेंगे 6500 करोड़ के ईनाम | 16 |
| सुर्खियों में विश्व कप फुटबाल | 17 |
| विश्व कप फुटबाल डायरी | 24-25 |
| विश्व कप यादगार पल | 26 |
| क्या वैभव सूर्यवंशी को मिलेगी टीम में जगह | 31 |
| यादें फुटबाल सितारों की | 33 |
| विश्व कप के रोचक किस्से | 35 |
| दलीप ट्रॉफी से होगी घरेलू क्रिकेट की शुरुआत | 42 |
| खेल छत्तीसगढ़: सीसीपीएल विशेष | 48 |
| खेल मध्यप्रदेश | 54-56 |

**Website: www.nationalsportstimes.org**



मेरी बात...



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

# किस टीम के सिर सजेगा विश्व कप फुटबॉल और क्रिकेट का ताज?

**आईपीएल**, शूटिंग, तीरंदाजी एथलेटिक्स सहित कई बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के संपन्न होने के बाद पूरी दुनिया की नजरें अब 2026 फीफा विश्व कप फुटबॉल और टी20 महिला विश्व कप पर टिक चुकी हैं। अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की संयुक्त मेजबानी में 11 जून से होने वाला फुटबॉल विश्व कप कई कारणों से बेहद खास माना जा रहा है। पहली बार विश्व कप में 48 टीमें उतरेंगी, जिससे मुकाबले पहले से ज्यादा कठिन और रोमांचक होने वाले हैं। फुटबॉल प्रशंसकों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस बार दुनिया की नंबर-1 टीम कौन बनेगी। मौजूदा प्रदर्शन, खिलाड़ियों की फॉर्म और विशेषज्ञों की भविष्यवाणियों को देखें तो स्पेन गत विजेता अर्जेंटीना, फ्रांस, पुर्तगाल, ब्राजील सहित कई बड़ी टीमें मजबूत दावेदार के रूप में सामने आ रही है।

पिछ्ले कुछ वर्षों में स्पेन ने जिस तरह अपनी टीम को तैयार किया है, उसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का शानदार संतुलन टीम की सबसे बड़ी ताकत बन चुका है। मिडफील्ड में तेज पासिंग, शानदार बॉल कंट्रोल और आक्रामक रणनीति स्पेन को बाकी टीमों से अलग बनाती है। खासतौर पर युवा सनसनी लामिन यामाल ने अपने प्रदर्शन से हर किसी को प्रभावित किया है। कम उम्र में जिस आत्मविश्वास के साथ वह खेल रहे हैं, उसे देखकर विशेषज्ञ मान रहे हैं कि आने वाले समय में वह विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े सितारों में शामिल हो सकते हैं।

हालांकि स्पेन के लिए राह आसान नहीं रहने वाली। फ्रांस भी खिताब की सबसे बड़ी दावेदारों में गिनी जा रही है। फ्रांस के पास अनुभव, गति और बेहतरीन फिनिशिंग क्षमता वाले खिलाड़ी मौजूद हैं। टीम के सुपरस्टार किलियन एम्बाप्पे किसी भी मैच में अकेले दम पर नतीजा बदलने की ताकत रखते हैं। उनकी रफ्तार और गोल करने की क्षमता विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा मानी जा रही है। फ्रांस लगातार बड़े टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन करता आया है और यही कारण है कि उसे नजरअंदाज करना आसान नहीं होगा।

वहीं मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना फुटबॉल टीम भी खिताब बचाने के इरादे से मैदान में उतरेगी। पूरी दुनिया की नजरें एक बार फिर महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी पर रहेंगी। माना जा रहा है कि यह उनका आखिरी विश्व कप हो सकता है। ऐसे में अर्जेंटीना की टीम अपने दिग्गज खिलाड़ी को यादगार विदाई देने के लिए पूरी ताकत झोंक सकती है। टीम की सबसे बड़ी विशेषता उसका सामूहिक खेल और दबाव में शानदार प्रदर्शन है। इसके अलावा ब्राजील की टीम भी हमेशा की तरह खतरनाक नजर आ रही है। ब्राजील के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। तेज आक्रमण और तकनीकी फुटबॉल उसकी पहचान रही है। वहीं इंग्लैंड टीम ने भी हाल के वर्षों में शानदार सुधार किया है। युवा खिलाड़ियों से भरी इंग्लैंड टीम इस बार इतिहास बदलने का सपना देख रही है। फुटबॉल विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 विश्व कप का फाइनल स्पेन, फ्रांस और अर्जेंटीना जैसी बड़ी टीमों के बीच देखने को मिल सकता है। अगर मौजूदा फॉर्म को आधार माना जाए तो स्पेन को सबसे आगे रखा जा रहा है, लेकिन विश्व कप ऐसा मंच है जहां एक छोटी गलती भी बड़े सपनों को तोड़ सकती है। यही वजह है कि इस टूर्नामेंट को लेकर उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। अब दुनिया इंतजार कर रही है उस पल का, जब फुटबॉल का नया बादशाह पूरी दुनिया के सामने आएगा।

विश्व कप फुटबॉल के साथ-साथ 12 जून से इंग्लैंड में टी20 महिला विश्व कप भी शुरू होने जा रहा है जिसमें कुल 12 टीमें हिस्सा लेने जा रही है। यह मुकाबला किसी भी टीम के लिए आसान नहीं माना जा रहा है,लेकिन चैंपियनों की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, मेजबान इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमों का इस मुकाबले में भी पडला भारी रहा है हालांकि वनडे विश्व कप 2025 जीतने के बाद भारतीय महिला टीम भी इस टूर्नामेंट में सबसे बड़ी दावेदार मानी जा रही है। इंग्लैंड की तेज पिचों पर यूरोपीय देशों का बोलबाला हमेशा से भारी रहा है लेकिन भारत को भी अब तेज पिचों पर जीतने व चौके छक्के लगाने की आदत पड़ चुकी है। कुल मिलाकर विश्व कप फुटबॉल के साथ-साथ महिला क्रिकेट का भी आनंद खेल प्रेमी दर्शक, विशेषज्ञ इन दिनों ले सकेंगे। अब देखना यह होगा कि टी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला लाड्र्स में व फुटबाल विश्व कप का फाइनल न्यू जर्सी में किस टीम के पक्ष में जाता है।

**तो आप सभी खेल प्रेमी इंतजार करिए विश्व कप फुटबॉल और महिला क्रिकेट के चैंपियनों का।**